टाइफून गेमी

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में **टाइफून गेमी** (Gaemi) के कारण **भारी वर्षा** हुई है, जिसके कारण **पूर्वी चीन, ताइवान और फिलीपींस में व्यापक क्षति और जान-माल की हानि** हुई है।

- टाइफून गेमी जिसने ताइवान लैंडफॉल किया विगत आठ वर्षों में यहाँ आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है, जिससे द्वीप के **दूसरे सबसे बड़े शहर ताइचुंग** में **भीषण बाढ़** आ गई।
  - **फिलीपींस** में इसने **मौसमी वर्षा** में वृद्धि की, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ और **भूस्खलन** शुरू हो गया तथा **झेजियांग (Zhejiang) प्रांत में भीषण बाढ़** आ गई तथा **चीन के वेनझोउ (Wenzhou) शहर में** तूफानी वर्षा की उच्चतम चेतावनी जारी कर दी गई।
- टाइफून **एक तरह का तूफान** है। इसकी उत्पत्ति के स्थान के आधार पर इसे **हरीकेन, टाइफून या चक्रवात** कह सकते हैं।
  - इन सभी प्रकार के तूफानों का वैज्ञानिक नाम **उष्णकटिबंधीय चक्रवात** है।
  - उष्णकटिबंधीय चक्रवात प्रबल वृत्ताकार तूफान होते हैं जो गर्म उष्णकटिबंधीय महासागरों के ऊपर उत्पन्न होते हैं। इनकी गति 119 किमी/घंटा से अधिक होती है और ये अपने साथ भारी वर्षा लाते हैं।
  - उष्णकटिबंधीय चक्रवात उत्तरी गोलार्द्ध में **वामावर्त दिशा में** गति करते हैं।

प्रकार	स्थान
टाइफून	चीन सागर और प्रशांत महासागर
हरीकेन	वेस्ट इंडियन आइलैंड, कैरेबियन सागर, अटलांटिक महासागर
टॉरनैडो	पश्चिमी अफ्रीका का गिनी क्षेत्र, दक्षिणी USA
विली-विलीज़	उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
उष्णकटिबंधीय चक्रवात	हिंद महासागर क्षेत्र

और पढ़ें: चक्रवात

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/typhoon-gaemi